# विज्ञप्ति

जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत संचालित बाल विकास परियोजनाओं बागेश्वर, कपकोट एवं गरूड़ में महिला अभ्यर्थिनियों से निम्न विवरणानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री / सहायिका एवं मिनी कार्यकत्री के मानदेय आधारित पदों पर निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरे आवेदनपत्र दिनांक 28.04.2021 की सायं 5:00 बजे तक सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय में स्वयं अभ्यर्थी के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। डाक / पंजीकृत / स्पीड पोस्ट अथवा अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदनपत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा आवेदनपत्र भरने से पूर्व रिक्त केन्द्रों की सूची, पात्रता शर्तो एवं अर्हताओं का गहनता से भलीभांति अध्ययन कर लिया जाय तथा आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त सम्बन्धित परियोजना कार्यालय से आवेदन प्राप्ति की रसीद प्राप्त कर ली जाय।

| क0 सं0 | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी कार्यकत्री | | आंगनबाड़ी सहायिका | | मिनी कार्यकत्री | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | केन्द्र का नाम | आरक्षण की स्थिति | केन्द्र का नाम | आरक्षण की स्थिति | केन्द्र का नाम | आरक्षण की स्थिति |
| 01 | बागेश्वर | मण्डलसेरा–I | सामान्य | सिमकूना–II | अनु0जा0 | कभाटा | अनु0जा0 |
| | | ठांगा | अनु0जा0 | बसेत | सामान्य | – | – |
| | | टकन्यार | सामान्य | मण्डलसेरा–III | सामान्य | – | – |
| | | गडेरा | सामान्य | मेहनरबूंगा | अनु0जा0 | – | – |
| | | – | – | पल्सों | सामान्य | – | – |
| | | – | – | चौरा | सामान्य | – | – |
| | | – | – | आरे–I | अनु0जा0 | – | – |
| | | – | – | नाघरदिगोली | सामान्य | – | – |
| | **योग–** | **04** | – | **08** | – | **01** | – |
| 02 | गरूड़ | – | – | स्यालीस्टेट | सामान्य | टानीखेत | अनु0जा0 |
| | | – | – | कुर्साली | सामान्य | – | – |
| | | – | – | तल्लाडोबा | सामान्य | – | – |
| | | – | – | भोजगण | सामान्य | – | – |
| | | – | – | बलना | सामान्य | – | – |
| | | – | – | मथुरों | सामान्य | – | – |
| | **योग–** | – | – | **06** | – | **01** | – |
| 03 | कपकोट | गुलेर–I | सामान्य | सलिंग | सामान्य | सुखचौना | सामान्य |
| | | | | गोलना | सामान्य | | |
| | **योग–** | **01** | – | **02** | – | **01** | – |
| | **महायोग–** | **05** | – | **16** | – | **03** | – |

<u>नोटः–</u> आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका हेतु अलग–अलग आवेदनपत्र भरे जायेंगें। मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिका का पद नहीं है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों से सम्बन्धित सूची सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सूचनापट पर चस्पा की गई है। आवेदनपत्र का प्रारूप एवं विस्तृत नियम व शर्ते बाल विकास परियोजना कार्यालय बागेश्वर, कपकोट, गरूड़ व एन0आई0सी0 की बैबसाइट **https://bageshwar.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है।

(राजेन्द्र प्रसाद बिष्ट)
**जिला कार्यकम अधिकारी**
**बाल विकास–बागेश्वर।**

## कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी,बाल विकास बागेश्वर।

पत्रांकः 29 / जि0का0अधि0 / आ0बा0–नियुक्त / 2021–22 दिनांक 07 अप्रैल 2021

**प्रतिलिपि–**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय को उनके अनुमोदन दिनांक 06.04.2021 के कम में सादर सूचनार्थ।

2. बाल विकास परियोजना अधिकारी बागेश्वर कपकोट व गरूड़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सम्पादक/मीडिया प्रभारी, दैनिक जागरण/अमर उजाला को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अधिकतम रू0 5000.00 की सीमा अन्तर्गत प्रकाशित करते हुए जिला सूचना अधिकारी से सत्यापन के उपरान्त बिल देयको को इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। वर्तमान में विज्ञापन मद में धनावंटन प्राप्त नहीं है, धनावंटन प्राप्त होने पर ही सम्बन्धित विज्ञापन का बिल भुगतान किया जाना सम्भव होगा।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बागेश्वर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, आवेदन प्रारूप एवं संलग्न नियम–शर्ते, को एन0आई0सी0 की बैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करेंगे।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**बाल विकास–बागेश्वर।**

संलग्नक–1

पत्रांकः 29 /जि0का0अधि0/आ0बा0–नियुक्त/2021–22 दिनांक 07 अप्रैल 2021

**–: शर्तें तथा अर्हतायें :–**

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदो पर आवेदन के लिये शर्तें तथा अर्हतायें निम्नानुसार अनिवार्य होंगी :–**

**01– शैक्षिक योग्यता** :– आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिये न्यूनतम हाईस्कूल तथा सहायिका पद हेतु न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**02– आयु सीमा** :– उपरोक्त पदों हेतु आवेदक की आयु 18 वर्ष से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। आयु की गणना 01 अप्रैल 2021 के अनुसार की जायेगी।

**03– स्थायी निवास** :– आवेदिका उसी ग्राम/तोक/मजरे की स्थायी निवासी होनी चाहिये जिस ग्राम/तोक/मजरे के लिये आंगनबाड़ी केन्द्र व मिनी केन्द्र स्वीकृत है तथा जिसके लिये विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है। परन्तु विशेष परिस्थितियों में यदि सम्बन्धित ग्रामसभा के उसी ग्राम/मजरे/तोक में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते तो उस स्थिति में उसी ग्राम सभा के अन्य तोक/मजरे/ग्राम से नियुक्ति की जायेगी, ताकि रिक्तियां न रहें। निवास के लिये सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत स्थाई अथवा मूल प्रमाणपत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र हेतु परिवार रजिस्टर की नकल जो ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो तथा शहरी क्षेत्र हेतु सम्बन्धित वार्ड सदस्य द्वारा जारी वार्ड में निवास का प्रमाणपत्र अथवा परिवार रजिस्टर की नकल संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**04– गरीबी रेखा का निर्धारण**– बी0पी0एल0 अभ्यर्थी।

**05– आरक्षण**– शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण कोटा नियमानुसार पूर्ण किया जायेगा। आरक्षण का लाभ पाने के लिये सक्षम अधिकारी का प्रमाणपत्र लगाना आवश्यक होगा।

**06**– आवेदनपत्र के साथ अपनी श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाणपत्र/शपथपत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**(क) कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री /सहायिका/मिनी कार्यकत्री की श्रेणी हेतु** : आवेदन करने की तिथि से कम से कम 02 वर्ष तथा मिनी कार्यकत्री हेतु 01 वर्ष पूर्व से वर्तमान तक कार्य करने का अनुभव प्रमाणपत्र जो सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो, संलग्न करना आवश्यक होगा। **(ख) विधवा श्रेणी हेतु** : पति की मृत्यु का प्रमाणपत्र। **(ग) परित्यकता श्रेणी हेतु** : रू0–10 के स्टाम्प पेपर पर आवेदन करने की तिथि से कम से कम 01 वर्ष पूर्व से परित्यकता होने का शपथपत्र जिसमें दो स्थानीय व्यक्तियों के हस्ताक्षर नाम एव पते के साथ ही सम्बन्धित ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्य से प्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा। **(घ) तलाकशुदा श्रेणी हेतु** : मा0 न्यायालय द्वारा जारी तलाक के आदेश की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। मुस्लिम वर्ग की महिलाओं हेतु रू0–10 के स्टाम्प पेपर पर दो गवाहों के हस्ताक्षर करवा आवेदनपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**07**– अतिरिक्त जानकारी सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**08**– आवेदन फार्म अभ्यर्थी द्वारा स्वयं सबन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करना होगा। अन्य किसी व्यक्ति द्वारा जमा किये जाने वाले आवेदन फार्म मान्य नहीं होगें।

**08**– पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिका का पद नहीं है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बाल विकास, बागेश्वर।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री / सहायिका / मिनी कार्यकत्री हेतु आवेदनपत्र।

बाल विकास परियोजना.................................................. जनपद ..............................

01– आंगनबाड़ी / मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम.......................................................................

02– मानदेय पद का नाम ......................................................................

03– आवेदक का नाम कु0 / श्रीमती ......................................................

04– पिता / पति का नाम श्री ..........................................................................

05– जन्मतिथिः दिनांक........... माह...................... वर्ष.........................

06– आयु (1 अप्रैल 2021 तक) वर्ष..............माह.................दिन................

07– जातिः (अनु.जा. / जन.जा. / अन्य पि.वर्ग / सामान्य)..................................................

**(यदि अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र संलग्न करें।)**

08– विधवा / परित्यकता / तलाकशुदा ..........................................................

09– कार्यरत कार्यकत्री / कार्यरत सहायिका / कार्यरत मिनी कार्यकत्री ................................

10– बी0पी0एल0 (आई0डी0) नम्बर ..........................................

फोटो
स्वहस्ताक्षरयुक्त

11– शैक्षित अर्हता का विवरण : **(जो लागू हो उनकी समस्त अंकसूची तथा प्रमाणपत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)**

| क0सं0 | शैक्षिक अर्हता | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | आठवीं | | | | |
| 02 | हाईस्कूल | | | | |
| 03 | इण्टरमीडियेट | | | | |
| 04 | स्नातक | | | | |
| 05 | स्नातकोत्तर | | | | |

12– निवास स्थान.............................. ग्राम पंचायत / वार्ड संख्या ........................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाणपत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा जारी परिवार रजिस्टर की नकल कापी अथवा नगरीय क्षेत्र में सम्बन्धित वार्ड सदस्य द्वारा जारी परिवार रजिस्टर की नकल की सूची संलग्न करें।) बी0पी0एल0 संख्या (आई.डी.) अथवा आय प्रमाणपत्र ..............................(खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बी0पी0एल0 कमांक के साथ जारी बी0पी0एल0 आई0डी0 तथा परिवार रजिस्टर की नकल संलग्न की जायेगी / आय प्रमाणपत्र तहसीलदार का प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।)

13– स्थायी पता ............................................
पिनकोड ............................................

14– पत्र व्यवहार का पता .........................................................................................
पिनकोड ..............................

15– संलग्नकों का विवरण (;निम्नलिखित विवरणों में से आवश्यक / प्रमाणपत्रों की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करें)

1– निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता तथा उससे उच्च प्रत्येक परीक्षा के प्रमाणपत्र तथा अंक सूची। 2– आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र। 3– सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी बी0पी0एल0 आई0डी0 अथवा तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र। 4– नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) द्वारा जारी बी0पी0एल0 आई0डी0। 5– ग्राम प्रधान द्वारा जारी परिवार रजिस्टर की नकल। 6– नगरीय क्षेत्र में सम्बन्धित वार्ड सदस्य द्वारा जारी परिवार रजिस्टर की नकल। 7– सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाणपत्र। 8– विधवा / तलाकशुदा / परित्यकता विषयक प्रमाणपत्र। 9– विभाग में कार्यकत्री / सहायिका / मिनी कार्यकत्री होने का प्रमाणपत्र।

## घोषणा

मैं कुमारी / श्रीमती.........................पुत्री / पत्नी........................ आंगनबाड़ी / मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र ................... बाल विकास परियोजना.

जनपद........................ एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त दी गई सूचनायें / तथ्य एवं प्रमाणपत्र सत्य हैं। मेरे द्वारा कोई भी तथ्य एवं सूचनायें छुपाई नहीं गई हैं। यदि कोई तथ्य / सूचनायें गलत पाई जाती हैं तो मेरा आवेदन निरस्त / मानदेय पद पर की गई नियुक्ति को निरस्त कर दिया जाय। इसमें मेरा कोई दावा स्वीकार / मान्य नहीं होगा।

स्थान :

दिनांक :

अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर दिनांक सहित
अभ्यर्थिनी का नाम–
(हस्ताक्षर न होने पर आवेदनपत्र निरस्त कर दिया जायेगा)